नवोदय टाइम्स

नई दिल्ली

NAVODAYA TIMES, New Delhi

ABC से प्रमाणित 1,46,264 प्रतियां प्रतिदिन (औसतः जुलाई-दिसम्बर 2018)

अनन्या को मुंबई के क्लब में नहीं मिली एंट्री 12

ऑस्ट्रेलिया-विंडीज में होगी विस्फोटक टक्कर 12

भारत 7.5 प्रतिशत की रफ्तार से करेगा विकास : वर्ल्ड बैंक 11

मूल्य ₹ 3/-

वीरवार, 6 जून, 2019 • तदनुसार 23 ज्येष्ठ, विक्रमी सम्वत 2076 | www.navodayatimes.in | facebook.com/navodayatimes | twitter.com/navodayatimes | तापमान अधिकतम 44° न्यूनतम 31° सूर्योदय 05.23 सूर्यास्त 07.17 | वर्ष 6, अंक 303 | पृष्ठ 14+4

नोएडा को प्रदूषण मुक्त बनाने की शहरवासियों ने ली शपथ

नोएडा, 5 जून (ब्यूरो): विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जगह जगह लोगों ने पौधरोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर लोगों ने वातावरण को साफ सुथरा बनाए रखने का संकल्प लिया। वहीं जिला प्रशासन की तरफ से भी एक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया।

शहर में विभिन्न जगहों पर हुए पौधरोपण कार्यक्रम

पौधरोपण कर शहर को स्वच्छ रखने की शपथ ली : पर्यावरण को स्वस्थ बनाने की कड़ी में शहर के सेक्टर 90 स्थित भूटानी इन्फ्रा द्वारा सेक्टर 90 के गोल चक्कर और आस पास पौधरोपण कर साफ सफाई भी की। इसके अलावा आस-पास से गुजरने वाले हर व्यक्ति को एक-एक पौधा उपहार के रूप में दिया गया। इस मौके पर भूटानी इन्फ्रा के एमडी आशीष भूटानी भी उपस्थित रहें और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

गुलशन इकेबाना में लोगों ने पौधरोपण कर मनाया पर्यावरण दिवस : सेक्टर 143 स्थित गुलशन इकेबाना सोसाइटी में पौधरोपण कर लोगों ने स्वस्थ्य पर्यावरण का संदेश दिया। पर्यावरण दिवस के महत्व को समझते हुए सोसाइटी के लोगों को पौधे वितरित किए गए। इस दौरान करीब 300 पौधे लगाए गये। गुलशन इकेबाना सोसाइटी के एक रेजिडेंट ने बताया कि पेड़ पर्यावरण के सबसे बड़े मित्र माने जाते है, जिनके अभाव में अनुकूलित पर्यावरण की कल्पना संभव नहीं है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए ग्रुप की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

सिक्का कार्मिक ग्रीन्स में पौधे बांटकर कर मनाया पर्यावरण दिवस: सेक्टर 78 स्थित सिक्का कार्मिक ग्रीन्स सोसाइटी में लोगों को पौधे बांटकर स्वस्थ्य पर्यावरण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सिक्का ग्रुप की ओर से सभी रेसिडेंट्स और मौजूद कर्मियों के बीच पौधे वितरित किए गए। जिसे लोगों ने पूरे उत्साह के साथ स्वीकार करते हुए अपने आस-पास उन पौधों का रोपण करने का निश्चय किया। इस दौरान करीब 200 पौधों को वहां उपस्थित सभी लोगों बीच वितरित किया गया।

गौड़ ग्रुप ने आरएमसी प्लांट पर किया वृक्षारोपण : ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ ग्रुप के आरएमसी प्लांट पर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वृक्षारोपण किया गया। 5 एकड़ में निर्मित इस प्लांट के आसपास के सारे ग्रीन बेल्ट एरिया में कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया। गौरतलब है कि इस मौके पर कई सौ वृक्षों का रोपण किया गया, साथ ही आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान भी चलाया गया। स्वस्थ्य पर्यावरण का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ सहित प्लांट के सारे कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया।

एचसीएल और नोएडा प्राधिकरण का एंटी लिटरिंग अभियान : नोएडा प्राधिकरण और एचसीएल फाउंडेशन के ने बुधवार को सेक्टप 125 और 126 में एंटी लिटरिंग अभियान चलाया। इस दौरान ड्रम सर्किल परफॉर्मेंस एवं नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। जिसमें लोगों से कचरा फैलाने, पेड़ काटने और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने का आग्रह किया गया। क्लीन नोएडा - ग्रीन नोएडा की तर्ज पर आयोजित इस अभियान की शुरूआत 28 मई को की गई थी, जिसका समापन बुधवार को हुआ।

प्रकृति को बचाने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन : सद्भावना सेवा संस्थान की तरफ से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निठारी स्थित बी.एस मेमोरियल स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण बचाओ देश बचाओ और जीवन बचाओ था। इस प्रतियोगिता में वंचित बच्चों का स्कूल पहल एक पाठशाला के बच्चों ने भी हिस्सा लिया व अच्छे चित्र बनाए। इस अवसर पर बी. एस मेमोरियल स्कूल के संस्थापक राजेश कुमार ने सभी को पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चमचमाती इमारतों और सड़कों की चाह में पर्यावरण का विध्वंस ना करें। वहीं पहल एक पाठशाला के संस्थापक अविनाश सिंह ने सभी से निवेदन किया कि पर्यावरण संरक्षण हेतु यथासंभव अपना योगदान सुनिश्चित करें और एक सजग नागरिक होने का प्रमाण दें।

जयपुरिया पार्क में हुआ पौधरोपण

पहली किरण एक नया जन्म संस्था की तरफ से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेक्टर-26 स्थित जयपुरिया पार्क में स्वच्छता अभियान के साथ पौधे लगाये गए। इसके साथ साथ लोगो को सफाई व पेड़ पौधों के महत्व को बताते हुए उन्हें एक-एक पौधा देकर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर सपा नेता अशोक चौहान, गोविन्द शर्मा, योग्यता राजपूत ,रूबी पाल, बबीता पाल, प्रीती सिंह व संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे।

नव ऊर्जा संस्था ने चलाया स्वच्छता अभियान

विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता ही सेवा का नारा देकर नव ऊर्जा युवा संस्था ने की स्वच्छता अभियान चलाया। सेक्टर-53 स्थित कंचनजंघा मार्केट में प्लास्टिक बैग, पालीथिन, खाद्य पदार्थ को एकत्र कर नष्ट किया गया। इस दौरान राज मंडल, दीपक कनोजिया, अतुल चौधरी, सुरेंद्र सिंह, विनोद पांडेय के अलावा कई युवा साथी मौजूद रहे।

एनजीओ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम।

गौड संस के एमडी मनोज गौड पौधारोपण करते हुए।

यसीएल कंपनी की तरफ से पर्यावरण दिवस पर सफाई कार्यक्रम।